(घ) प्रस्तावित ताप विद्युत संयंत्र के स्थान निर्धारण तथा संबंधित मुद्दों के बारे में निर्णय ले लिए जाने के बाद पर्यावरणीय मुल्यांकन समिति द्वारा निकट भविष्य में स्थल निरीक्षण किए जाने का प्रस्ताव है ।

Allotment of Forest Land

1901. SHRI A. G. KULKARNI:
SHRI BAPU KALDATE:
SHRI VISHWASRAO RAMRAO PATIL:

Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news time which appeared in the 'Maharashtra Times', Bombay of the 28th September, 1991 regarding allotment of forest land of 3 Hectares to a private person without the approval of the Central Government;

(b) if so, what are the details in this regard; and

(c) whether it is a fact that Government have given its concurrence to the No objection certificate issued by the State Government; if so, what art the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH): (a) Yes, Sir.

(b) The State Government of Maharashtra has accorded its sanction to aloot 3 hectares of land handed over to Forest Department for compensatory afforestation to a private party i.e. M/s. Jaiquell Farms Private Limited for the purpose of raising Lahori Birds. However, the possession of the land has not yet been handed over by the State Government.

(c) No, Sir.

पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम का उल्लंघन

1902. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान तथा 31 अक्तूबर, 1991 तक ऐसे कितने व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमें चलाये गये, जिन्होंने पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 का उल्लंघन किया ; और

(ख) इस संबंध में दिये गये दण्ड के ब्यौरे सहित इन मामलों का ब्यौरा क्या है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ): (क) और (ख) इस अवधि के दौरान, ऐसे आठ उद्योगों के विरुद्ध मुकदमें चलाए गए, जिन्होंने पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियम, 1986 के तहत केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी निदेशों का पालन नहीं किया । अभी तक किसी को कोई दण्ड नहीं दिया गया है, क्योंकि सभी मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं ।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर वृक्षारोपण

1903. **मोलाना अबदुल्ला खान आजमी :** क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के किन-किन राष्ट्रीय राजमार्गों पर पर्याप्त संख्या में वृक्ष नहीं लगाए गए हैं; और

(ख) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

पर्यावरण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) और (ख) 20 सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत वनीकरण और वृक्षारोपण, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ-साथ वृक्षारोपण भी शामिल है, एक